ICFAI UNIVERSITY
JHARKHAND

The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

## इक्फाई वि० वि० झारखण्ड में हेल्थकेयर प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित

आज इक्फाई वि० वि० में भारतीय अस्पताल एसोसिएशन के सहयोग से वि० वि० के दलादली कैंपस में स्वास्थ्य देखभाल के प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का संचालन हुआ। कार्यक्रम में मेदान्ता मेदांता, राज अस्पताल, सी० सी० एल अस्पताल, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, संतेविता जैसे प्रमुख अस्पतालों के डॉक्टरों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा हेल्थकेयर व्यवस्थापकों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए वि० वि० के कुलपति प्रो० ओ आर एस राव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के हेल्थकेयर क्षेत्र के चिंता जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रबंधन जैसे की उचित संसाधनों का उपयोग तथा डॉक्टरों नर्स एवं पारा मेडिकल स्टाफ की प्रबंधन की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए वि० वि० स्वास्थ्य प्रबंधन में अल्पकालिन एवं नियमित पाठ्यक्रमों की पेशकश के द्वारा इस क्षेत्र में सुधार लाने को उत्सुक है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भारतीय हॉस्पिटल एसोशिएसन के अध्यक्ष डॉ० आर के राय ने कहा कि भारत वर्तमान में 5-6% की एक वैश्विक औसत के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाओं पर अपने सकल घरेलु उत्पाद का केवल 1.04% खर्च करता है। मेदांता मेदान के सीनियर वी पी श्री आर के सरावगी ने स्वास्थ्य प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए वि० वि० की पहल की सराहना की। कश्यप आई हासपिटल के डॉ बी पी कश्यप ने कहा कि अस्पताल में तैनात संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन आवश्यक है।

राज अस्पताल के सीईओ श्री योगेश गंभीर ने स्वास्थ्य प्रबंधन में डॉ। पसरी उपकरणों के खरिद से बचने तथा झारखंड के लिए उपयुक्त व्यापार मॉडल और हलताल संतुलन का निर्माण करने के लिए अस्पताल प्रबंधन का आह्वान किया।

वि० वि० कुलसचिव डॉ बि एन सिंह, शैक्षणिक सलाहकार डॉ हरिहरण तथा संतेविता अस्पताल के डॉ० हरीश ने क्रमश: गुणवत्ता, मानव संसाधन, और वित्तिय पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।